


# नीम है हकीम

**पाठ–प्रवेश**

प्रकृति हमारी मित्र है। पेड़–पौधे, पहाड़–नदियाँ, पशु–पक्षी सभी हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे ही नीम का पेड़ भी मनुष्य को दिया प्रकृति का अनोखा उपहार है, जो अनेक औषधीय गुणों से भरपूर है।

आपने मुझे अपने आस–पास अवश्य देखा होगा। मैं आपको किसी चौराहे[1], सड़क के किनारे, आपके घर के सामने या आपके विद्यालय के मैदान में ज़रूर दिख जाऊँगा। जी हाँ, आपने बिलकुल सही पहचाना, मैं हूँ नीम। मैं ठंडे प्रदेशों में नहीं दिखता क्योंकि मुझे गरम देश ही प्यारा लगता है। जाड़ा[2] बीतते ही मेरे पुराने पत्ते गिर पड़ते हैं और नए पत्ते निकल आते हैं। फिर मैं छोटे–छोटे सफ़ेद फूलों से भर उठता हूँ। मेरी एक टहनी पर बहुत छोटी–छोटी उनतीस या इकतीस पत्तियाँ होती हैं। अपने पत्तों के कारण मैं बहुत सुंदर लगता हूँ। एक दिन तुम मुझे ध्यान से देखना ज़रूर।

क्या आपने मुझ पर लगे हरे–हरे फल देखे हैं, जिन्हें 'निबौरी' कहा जाता है। मेरे इन फलों को पक्षी बहुत मज़े से खाते हैं। टें–टें करते हुए तोतों का तो जैसे मुझ पर अड्डा[3] ही बन जाता है। कोयल भी दोपहर के शांत समय में मेरी डालियों पर बैठ 'कुहू–कुहू' का राग अलापती[4] है।

मेरे पत्ते तो गुणों की खान हैं। अगर आप चेचक की बीमारी को दूर भगाना चाहते हैं तो मेरे आठ–दस पत्तों को तलकर या उबालकर रोज़ खाएँ। चेचक होने पर मेरे पत्तों को रोगी[5] की चारपाई के चारों ओर रख देने से भी रोग जल्दी ठीक हो जाता है।

मेरे पत्तों के रस को या उसके लेप को किसी भी तरह

**शब्दार्थ Word Meaning**

1. जहाँ चार राहें मिलती हों (crossroad); 2. सरदी (winter); 3. बसेरा (roost); 4. गाती (chanting); 5. बीमार (sick)



के घाव[6] पर लगा देने से वह घाव शीघ्र ठीक हो जाता है। मेरे सूखे पत्ते अगर अलमारियों या बक्सों में रखे जाएँ तो वहाँ किसी भी तरह के कीड़े नहीं आते। देखा आपने! मेरे ये पत्ते आपके कितने सारे काम सँवारते हैं।

मेरी टहनियों के दातुन दाँतों के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। इनके प्रयोग से मसूड़ों से खून आना भी रुक जाता है। मेरी दातुन करने से दाँत मज़बूत होते हैं। मैं चाहता हूँ कि आप मेरी टहनियों की दातुन एक बार अवश्य करें, तब आपको पता चलेगा कि मैं आपके ब्रुश से कितना बेहतर हूँ।

मेरी पत्तियों का लेप बालों में लगाने से बाल स्वस्थ रहते हैं और कम झड़ते हैं। चर्म[7] रोगों के इलाज के लिए भी इनका उपयोग किया जाता है। मेरे इतने सारे फ़ायदों के कारण मुझे चमत्कारी[8] वृक्ष भी कह सकते हैं।

मेरी छाल और गोंद से भी कई प्रकार की दवाइयाँ बनाई जाती हैं। मकान और फ़र्नीचर को बनाने में भी मेरी लकड़ी का प्रयोग किया जाता है।

**शब्दार्थ Word Meaning**

6. ज़ख्म (wound); 7. त्वचा, चमड़ी (skin);
8. हैरानी उत्पन्न करने वाला (miraculous)



मैं बीज से पैदा होता हूँ। बरसात के दिनों में मेरे बीज तैयार हो जाते हैं। तैयार होते ही इन्हें ज़मीन में डाल दिया जाता है। कभी-कभी मेरी जड़ों के पास से भी मेरे नन्हे-नन्हे पौधे निकल आते हैं, जिन्हें ज़्यादा देखभाल की ज़रूरत भी नहीं होती। मैं तेज़ी से बढ़ने वाला पेड़ हूँ।

सावन में मेरी मज़बूत डालियों पर झूले भी डाले जाते हैं। उस समय सभी के खुशी से भरे चेहरे देख मुझे बहुत मज़ा आता है।

आप सोच रहे होंगे कि मैं बहुत उपकारी[9] पेड़ हूँ। सच में, मेरे पत्ते, टहनियाँ, छाल, फल आदि सब कुछ आपके लिए बहुत फ़ायदेमंद हैं। इतना लाभकारी[10] होने पर भी आप कभी-कभी मुझे काटकर फेंक देते हैं। ज़रा सोचिए कि आपका मेरे प्रति यह व्यवहार सही है या गलत?

**शब्दार्थ Word Meaning**

9. भलाई करने वाला (benevolent);
10. फ़ायदेमंद, लाभ करने वाला (beneficial)

**क्या सीखा**

- *पर्यावरण के मित्र बनना*
- *सबके काम आना*
- *नीम की उपयोगिता व महत्व*

**श्रुतलेख Dictation** विद्यालय, निबौरी, मज़बूत, चमत्कारी, फ़र्नीचर, फ़ायदेमंद

## अभ्यास Exercise

### बात पाठ की

**मुख से** — Speaking Skills

**इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** — Oral Expression

Answer these questions.

(क) इस पाठ में कौन-किससे बात कर रहा है?

(ख) नीम कहाँ-कहाँ पाया जाता है?

(ग) निबौरी किसे कहते हैं?

(घ) नीम का पेड़ कैसे तैयार होता है?

## कलम से

**Writing Skills**

### 1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

Written Expression

Write answers to these questions.

(क) नीम के पत्ते घाव ठीक करने में किस प्रकार से काम आते हैं?

..............................................................................................

..............................................................................................

(ख) चेचक की बीमारी में नीम किस प्रकार सहायक है?

..............................................................................................

..............................................................................................

(ग) बालों के लिए नीम कैसे उपयोगी है?

..............................................................................................

..............................................................................................

(घ) नीम के पेड़ को क्या देखकर मज़ा आता है?

..............................................................................................

..............................................................................................

### 2. सही उत्तर पर '✓' का निशान लगाइए।

MCQs

Tick '✓' the correct answer.

(क) नीम का पेड़ कैसे प्रदेशों में पैदा होता है?

i. ठंडे ☐ ii. बर्फ़ीले ☐ iii. गरम ☐ iv. वर्षा वाले ☐

(ख) पक्षी नीम के किस भाग को मज़े से खाते हैं?

i. फल को ☐ ii. फूल को ☐ iii. जड़ को ☐ iv. तने को ☐

(ग) नीम के पत्ते किस बीमारी से बचाते हैं?

i. हैजा ☐ ii. चेचक ☐ iii. कैंसर ☐ iv. माइग्रेन ☐

(घ) नीम की छाल और गोंद से क्या बनाया जाता है?

i. दवाइयाँ ☐ ii. साबुन ☐ iii. अगरबत्ती ☐ iv. फ़र्नीचर ☐



### 3. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।

Recall

Fill in the blanks by choosing correct word.

दातुन, गुणों, फ़र्नीचर, उबालकर, उपकारी

(क) मेरे पत्ते .................... की खान हैं।

(ख) मेरे आठ-दस पत्तों को तलकर या .................... रोज़ खाएँ।

(ग) मेरी टहनियों के .................... दाँतों के लिए लाभकारी हैं।

(घ) .................... बनाने में मेरी लकड़ी का प्रयोग होता है।

(ङ) मैं बहुत .................... पेड़ हूँ।

## पाठ से आगे

**Analytical Skills**

वृक्ष उपकारी होते हैं। ये हमारे मित्र हैं। क्या इन्हें काटना उचित है? चर्चा कीजिए।

- हम वृक्षों के मित्र कैसे बन सकते हैं?
- अगर वृक्ष न होते तो क्या होता?

## बात भाषा की

**Language Skills**

### 1. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए।

Number

Change the number.

(क) पत्ते – .................... (ख) टहनी – ....................

(ग) दवाइयाँ – .................... (घ) कीड़े – ....................

(ङ) लकड़ी – .................... (च) पौधे – ....................

(छ) झूले – .................... (ज) डाली – ....................

### 2. पढ़िए और समझिए

फूल खिल जाते हैं–पुल्लिंग है। दवाइयाँ बनाई जाती हैं–स्त्रीलिंग है।

Gender

**दिए गए शब्दों को सही जगह पर लिखिए।**

Write the given words at correct place.

पत्ता, दातुन, बीज, ब्रुश, बीमारी, डाली

पुल्लिंग – .................... .................... ....................

स्त्रीलिंग – .................... .................... ....................

## बात भाषा की
Language Skills

**1. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सी मात्रा समान है? लिखिए।**

Which maatra is same in the following words? Write.




**2. उलटे अर्थवाले शब्दों से मिलाइए।** Antonym

Join with antonym words.

| | |
|---|---|
| (क) तेज | i. सरदी |
| (ख) नम्र | ii. दूर |
| (ग) अपना | iii. धीरे |
| (घ) गरमी | iv. कमज़ोर |
| (ङ) पास | v. कठोर |
| (च) बलवान | vi. पराया |



**3. समानार्थक शब्द बॉक्स में से चुनकर लिखिए।** Synonym

Choose the synonym words from the box and write.

अभिमान, नर, जगत, पवन, वायु, मनुष्य, गर्व, ताक़तवर, शक्तिशाली, दुनिया

| | | |
|---|---|---|
| (क) कोशिश | प्रयत्न | प्रयास |
| (ख) घमंड | .................. | .................. |
| (ग) हवा | .................. | .................. |
| (घ) संसार | .................. | .................. |
| (ङ) आदमी | .................. | .................. |
| (च) बलवान | .................. | .................. |



**3. दिए गए अनुच्छेद में आए सर्वनाम शब्दों पर ( ) लगाइए।** Pronoun

Circle ( ) the pronoun words.

मैं बीज से पैदा होता हूँ। बरसात के दिनों में मेरे बीज तैयार हो जाते हैं। तैयार होते ही इन्हें ज़मीन में डाल दिया जाता है। कभी-कभी मेरी जड़ों के पास से भी मेरे नन्हे-नन्हे पौधे निकल आते हैं, जिन्हें ज़्यादा देखभाल की ज़रूरत भी नहीं होती। मैं तेज़ी से बढ़ने वाला पेड़ हूँ।

संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द **सर्वनाम** कहलाते हैं;
जैसे– मैं, तुम, आप, मुझे, तुम्हें आदि।

**4. पाठ के अनुसार मिलान कीजिए।** Adjective

Match correctly.

| | |
|---|---|
| (क) सफ़ेद | i. पत्ते |
| (ख) सूखे | ii. देश |
| (ग) गरम | iii. पेड़ |
| (घ) ठंडे | iv. फूल |
| (ङ) उपकारी | v. प्रदेश |

## रचनात्मक अभिव्यक्ति Creative Expression

### बात मन की
Creative Writing

नीम की तरह ही अगर केले का पेड़ अपनी कहानी सुनाता, तो अपने बारे में क्या बताता? 'केला है अलबेला' शीर्षक से कहानी लिखिए।

### हँसते-गाते
Joyful Learning

**1. विषयों से जुड़िए** Inter-disciplinary Activity

गणित

किसी उद्यान में जाकर पेड़ों के गिरे हुए पत्ते इकट्ठा करें और निम्नलिखित शीर्षकों के आधार पर तालिका बनाकर पूरी करें।
पेड़ का नाम, पत्ती का आकार, अधिकतम लंबाई, अधिकतम चौड़ाई

कंप्यूटर — नीम से बने सामानों (साबुन, तेल, टूथपेस्ट आदि) का इंफ़ोग्राफ़िक प्रस्तुतीकरण करें।

विज्ञान — धनिया, पुदीना, तुलसी, आम आदि के पत्ते अपनी हथेलियों से मसलकर सूँघिए। क्या इनकी खुशबू समान है? क्या आप इन्हें सूँघकर पहचान सकते हैं? अपने अनुभव लिखिए।

सामाजिक विज्ञान — नीम के अतिरिक्त किन्हीं औषधीय गुणवाले तीन पत्तों के चित्र एक चार्ट पेपर पर चिपकाकर उनके नाम और उपयोग लिखिए।

हिंदी — नीम की दातुन के प्रयोग के लिए प्रेरित करते हुए एक नारा (Slogan) लिखिए।

**2. पत्तों से सुंदर बंदरवार बनाइए। घर और कक्षा को सजाइए** Art Integrated Activity

